लघु उद्योग भारती

Registration No. RAJBIL/2016/69093
OFFICIAL PUBLICATION OF LAGHU UDYOG BHARATI

# UDYOG TIMES

Volume - 6 Issue - 04 February 2023
Total Pages - 20 Price - Rs. 10

# BALANCING BUDGET IN TOUGH CONDITIONS





LUB's South Sambhag of West Bengal conducted Vendor Development Program with MSME DI Kolkata on 12-13 February. National Org. Secretary Shri Prakash Chandra and Ex-President Shri O.P. Mittal were present on 12th February.




LUB's Jamshedpur Unit of Jharkhand conducted a meeting of State EC and Udyami Sammelan at Tata Nagar on 20th February.



LUB's Ex President Shri OP Mittal discussed with Local persons about Formation of New Unit of Raurkela at RSS Office on 18th February.




LUB's New Unit of Chhatarpur in Mahakaushal Sambhag was formed as 36th Complete Unit of Madhya Pradesh State on 4th February.



LUB's Faridabad Unit of Haryana State organized a Two Day Vender Development Program in association with Ministry of MSME and Power Grid Corporation.

# UDYOG TIMES

OFFICIAL PUBLICATION OF LAGHU UDYOG BHARATI

**Volume -6** **Issue - 04** **February, 2023**



## Editorial Board

■ **Patron**

Shri (Dr.) Krishna Gopal ji, Sampark Adhikari

Shri Prakash Chandra, National Org. Secretary 094685-78166

Shri Baldevbhai Prajapati National President 098241-55666

Shri Ghanshyam Ojha, National Gen. Secretary 098290-22896

■ **Publisher**

Om Prakash Mittal, Past President 094140-51265

■ **Editor**

Dr. Kirti Kumar Jain 094141-90383

■ **Associate Editor**

Mahendra Kumar Khurana 098290-68865

■ **Co-Editor**

Dr. Sanjay Mishra 098295-58069


## विवरणिका


| | |
|---|---|
| **Editorial** | 03-03 |
| **Bharat Budget-2023... At a Glance ...** | 04-05 |
| **केन्द्रीय बजट 2023-24...** | 06-07 |
| **राजस्थान में उद्योगों से संबंधित समस्याएं ...** | 08-09 |
| **Recognised Startups, ....** | 09-09 |
| **भीलवाड़ा में उद्यमी सम्मेलन में हुआ उद्योग....** | 10-10 |
| **LUB's News in Brief....** | 11-18 |



***Price - 10/-*** ***Life Membership 1000/-***

An In-House Monthly Magazine of Laghu Udyog Bharati published by Om Prakash Mittal

Mail: opmittal10256@gmail.com Web : www.lubindia.com

**Corporate Office & Head Office :**
Plot No. 48, Deendayal Upadhyay Marg,
New Delhi-110002
Ph.: 011-23238582

**Registered Office :**
Plot No. 184, Shivaji Nagar, Nagpur-440011
Ph.: 0712-2533552


# Budget 2023 for MSMEs



**Editorial**


**Dr. Kirti Kumar Jain**
kkjain383@gmail.com


The eagerly awaited Union Budget 2023 was tabled in the Parliament on first February. Overall, it seems to be a balanced Budget, amid tough global economic condition, with inflation and rising interest rates hitting several major economies in the world. Of course, India is being touted as to be the global bright spot, but several challenges are still facing the domestic economy as well, and in the background of this the Budget seems to be a well thought-out and not a populist one.

Ahead of the Budget, our MSME sector raised several demands, and although the budgetary announcements failed to address all of them, the decision to revamp the credit guarantee scheme for MSMEs is appreciable. The new scheme will come to effect from April 1 and infusion of Rs. 9000 crore will result in additional collateral-free guaranteed credit of Rs. 2 lakh crore as well as reduction in cost of credit by 1 percent.

Another appreciable step is an innovative solution to address the delayed payment challenge facing this sector. It was announced that the government will now allow expense deduction by the buyers only when payments are actually made. Off course, the MSME Samadhan scheme couldn't help the sector much, but now buyers will not be able to claim deduction without paying a measure which is expected to ensure timely payments to MSMEs.

The MSME sector also hailed the proposal to set-up a National Financial Information Registry for creating a robust information system for the sector. It is also encouraging that the Finance Minister extended the benefits of presumptive taxation to micro-enterprises with a turnover of up to Rs. 2 crore. However, while these measures are welcome, they hardly seem to be enough, particularly considering the plethora of problems plaguing the sector which contributes one third of GDP and half of the country's exports to the economy.

I invite your opinions.

# Bharat Budget-2023... At a Glance

**Analysis**

**Udyog Times Desk**



**New Income Tax Regime is the Default Tax Regime; Big Relief for Middle Class in other Announcements...**

**Key Updates:**

- Income rebate limit increased to Rs. 7 lakh from Rs. 5 lakh in new tax regime.
- New income tax regime to be the default tax regime. Citizens can avail the old tax regime, however.
- FM Nirmala Sitharaman proposes to reduce highest surcharge rate from 37 percent to 25 percent.
- Aiming to get the fiscal deficit below 4.5% of GDP by 2025-26, says Finance Minister.
- We are reducing number of basic customs duty rates from 21 to 13.
- The maximum deposit for senior citizen saving scheme to be enhanced for Rs. 15 lakh to Rs. 30 lakh.

**Other announcements**

- Pradhan Mantri Garib Kalyan Ann Yojana to continue for another year. More than 800 million people are set to benefit from free food grains.
- Economic agenda focuses on three things - facilitating ample opportunity for citizens, especially the youth, providing a strong impetus to growth and job creation and third stabilising the macro economy in the wake of Covid-19 and the Russia-Ukraine war.
- EPFO membership has more than doubled, indicating greater formalisation of the economy.
- Going forward the government will focus on Inclusive Development, Reaching Last Mile, Infrastructure Investment, Unleashing Potential, Green Growth, Youth Power, Financial Sector.
- The government will launch a sub scheme for PM Sampada Yojna to target invest of Rs. 6,000 crore to target fisherman and other small entrepreneurs.
- Government to focus on eradicating Sickle Cell Anemia, Sitharaman promises more assistance for research and development in the pharma industry.
- PM Vishwakarma Kaushal Samman - a package of assistance for traditional artisans and craftspeople has been envisioned, will enable them to improve quality, scale and reach of their products, integrat-



ing with MSME value chain in the long run.

- More push for agri-startups; an agriculture accelerator fund to encourage agritech startups by young entrepreneurs in rural areas. Fund will focus on bringing innovative solutions for challenges faced by farmers due to climate change.
- The government will launch the Atmanirbhar Clean Plant Program to improve availability of disease-free quality planting material for high-value horticultural crops at an outlay of Rs 2,200 crore.
- Indian Institute of Millet Research will be supported as a centre of excellence. Further, the government has also initiated computerisation for 63,000 primary agricultural credit societies with an investment of Rs 2,516 crore.
- More housing for all under Pradhan Mantri Awas Yojana: Outlay being enhanced by 66% to over Rs. 79,000 crore.
- More CapEx: Nirmala Sitharaman says effective capex will be Rs. 13.7 lakh crore, forming 4.5% of the GDP.
- Ease of Doing Business: More than 39,000 compliances reduced to enhance ease of doing business and over 3400 legal provision decriminalised.
- Karnataka mentioned in Budget 2023: Rs. 5,000 Crore outlay for water management of upper-Bhadra basin, to mitigate issues in drought-prone Central Karnataka region.
- National Data Governance policy, to unleash innovation, will be brought out to enable to access to anonymised data. Read this story from December 2019 to know why this could be a huge move.
- Connecting India: Capital outlay of Rs. 2.40 lakh crore will be provided for railways; close to nine times of the outlay in the last year of UPA-2 under Dr. Manmohan Singh.
- Big Infrastructure Push: 50 more airports, heliports, water aerodromes, and advanced landing zones to be revitalised. Hundred important transport infra projects for steel, ports, fertiliser, coal, foodgrain sectors have been identified with an investment of Rs. 75,000 crore.
- PAN will be used as a common identifier for all Digital Systems of specified government agencies, says FM Nirmala Sitharaman. To aid the cause of business establishments
- PM Pranam to be launched to incentivise States and UT to promote alternative fertilisers and balanced use of chemical fertilisers.
- Government to allocate Rs. 19,700 crore to the National Hydrogen Mission. The aim is to reach hydrogen production capacity of 5 metric million tonnes by 2030.
- 30 Skill India International centres will be setup across different states.
- Reflection of the Modi years: 10th largest economy to 5th largest in last 8 years. 11.7 Crore toilets through Swacch Bharat. 9.7 Crore gas connections in Ujjwala. 220 Crore vaccinations. Over 45 Crore Jan Dhan Accounts.
- Powering MSMEs: Revamped credit guarantee scheme to take effect from April 1, 2023, through the infusion of Rs. 9,000 crore in the corpus. This will enable additional collateral-free credit of Rs. 2 lakh crore to MSMEs recovering from the pandemic disruption.
- Boosting Tourism: 50 tourist selected destinations to be developed as a whole package for domestic and international tourism.
- Fiscal Deficit to be estimated at 5.9 per cent of the GDP for FY24.
- A National Digital Library for children and adolescents will be set up for facilitating the availability of quality books across geographies, languages, genres and levels and device-agnostic accessibility and will boost online learning.
- The government will set up a National Financial Information Registry to serve as a central repository of financial and ancillary information.
- One-time new small savings scheme 'Mahila Samman Saving Certificate' to be made available for 2 years upto March 2025, with deposit facility of upto Rs. 2 lakh in name of women, with 2 year tenor, with 7.5% fixed rate & partial withdrawal option.

**Amendment Relating to Delayed Payments to MSME's**

Clause 13 of the Bill seeks to amend section 43B of the Income-tax Act relating to certain deductions to be only on actual payment.

It is further proposed to insert a new clause (h) to the said section so as to provide that any sum payable by the assessee to a *micro or small enterprise* beyond the time limit specified in section 15 of the Micro, Small and Medium Enterprises Development Act, 2006 shall be allowed as deduction only on actual payment.

It is also proposed to amend the proviso to the said section so as to not allow the deduction on accrual basis, if the amount is paid by due date of furnishing the return of income in the case of micro or small enterprises.

It is also proposed to substitute clause (e) and clause (g) of Explanation 4 to define the expressions "micro enterprise" and "small enterprise" for the purposes of the said section.

# केन्द्रीय बजट 2023-24




## बजट सार

*उद्योग टाइम्स डेस्क*

- इनकम टैक्स– सात लाख रुपये तक की आमदनी पर नहीं देना होगा कोई टैक्स।
- आसानी से टैक्स भरा जा सके इसके लिए नेक्स्ट जेनेरेशन टैक्स फॉर्म जारी किया जाएगा।
- कोऑपरेशन सेक्टर में 31 मार्च, 2024 तक काम शुरू करने वाली नई कंपनियों को 15 फीसदी दी छूट दी जाएगी।
- अभी सालाना पांच लाख तक की आय पर लोग कोई आय टैक्स नहीं देते. इस स्तर को न्यू टैक्स रिज़ीम में सात लाख करने का प्रस्ताव रखा गया है।
- साल 2020 में पर्सनल टैक्स रिज़ीम में छह दरें जो दी गई थीं, इसे घटा कर पांच स्तर तक किया जाएगा।

  0–3 लाख तक की आय पर कोई टैक्स नहीं लगेगा।

  3 से 6 लाख तक की आय पर 5 फ़ीसदी टैक्स लगेगा।

  6 से 9 लाख तक की आय पर 10 फ़ीसदी टैक्स लगेगा।

  9 से 12 लाख तक की आय पर 15 फ़ीसदी टैक्स लगेगा।

  12 से15 लाख तक की आय पर 20 फ़ीसदी टैक्स लगेगा।

  15 साख से से अधिक में 30 फ़ीसदी टैक्स लगेगा।
- नौ लाख तक की आय पर व्यक्ति को 45 हज़ार का टैक्स देना होगा।
- 15 लाख की आय पर 1.5 लाख या 10 फीसदी का टैक्स देना होगा।

**ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा दिया जाएगा....**

- लीथियम आयन बैटरी बनाने के लिए ज़रूरी सामान के आयात में कस्टम ड्यूटी में दी गई छूट जारी रहेगी।
- कैमरा लेन्स और लीथियम आयन बैटरी जैसे मोबाइल फ़ोन उत्पादन में लगने वाले ज़रूरी सामान के आयात में कस्टम ड्यूटी में दी गई छूट जारी रहेगी।
- डीनेचर्ड इथाइल एल्कोहॉल से कस्टम ड्यूटी हटाने का प्रस्ताव।
- क्रूड ग्लिसिरीन पर लगे कस्टम ड्यूटी को 7.5 से घटाकर 2.5 करने का प्रस्ताव।
- चांदी पर लगने वाली कस्टम ड्यूटी को बढ़ाया जाएगा ताकि वो सोने और प्लैटिनम पर लगी कस्टम ड्यूटी के बराबर हो सके।
- सिगरेट पर लगे कस्टम ड्यूटी को तीन साल से नहीं बढ़ाया गया है. इसे बढ़ाकर 16 फीसदी करने का प्रस्ताव है।

  प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 2 लाख करोड़
- रुपये केंद्र सरकार द्वारा वहन किया जा रहा है।
- अंत्योदय योजना के तहत गरीबों के लिए मुफ्त खाद्यान्न की आपूर्ति को एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया है।

- एमएसएमई के लिए क्रेडिट गारंटी स्कीम को बदलने के प्रस्ताव पर काम इस साल एक अप्रैल में शुरू होगा. इसके लिए 9000 करोड़ के कॉर्पस का प्रावधान किया गया है।
- नेशनल फ़ाइनेन्शियल रजिस्ट्री फ़ॉर फ़ाइनेन्शियल स्ट्रैटेजी बनाया जाएगा. सेंट्रल प्रेसेसिंग सेंटर बनाया जाएगा ताकि कंपनियों के द्वारा फाइल किए जा रहे दस्तवेज़ों का जल्द निपटारा हो।
- गोवर्धन योजना के लिए 10 हज़ार करोड़ का आवंटन किया जाएगा। इसके लिए जरूरी राहत दी जाएगी।
- सरकार एक करोड़ किसानों को ऑगेनिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित करेगी, इसके लिए 10 हज़ार बायो इनपुट रिसर्च सेंटर बनाए जाएंगे।
- प्रदूषण फैलाने वाली गाड़ियों की रीप्लेसिंग बेहद महत्वपूर्ण काम है, ये सतत ऊर्जा की राह में बड़ा कदम है. केंद्र सरकार की पुरानी गाड़ियों और एबुलेंस को नष्ट करने के लिए मदद की जाएगी. इसके लिए राज्य सरकारों को भी मदद दी जाएगी।
- अगले तीन सालो में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 योजना लॉन्च की जाएगी, जिसमें इंडस्ट्री बेस्ट पाठ्यक्रम पर फोकस किया जाएगा।
- युवाओं को अंतरराष्ट्रीय बाज़ार के लिए तैयार करने के लिए अलग-अलग राज्यों में 30 स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर बनाए जाएंगे।
- डायरेक्ट बेनिफ़िट स्कीम के तहत छात्रों की मदद के लिए भी स्कीम लॉन्च की जाएगी. इससे 47 लाख युवाओं की मदद होगी।
- पर्यटन को भी बढ़ावा देने की पूरी कोशिश होगी. देखो अपना देश योजना के तहत घरेलू पर्यटन को बढ़ाया दिया जा रहा है, इसके तहत सीमा के इलाकों में पर्यटन को बढ़ावा दिया जाएगा।
- मेनहोल या सीवर की सफाई का काम इंसानों के द्वारा न किया जाए और इसे मशीनों के ज़रिए किया जाए, इसके लिए ये काम 100 फ़ीसदी मशीनों से हो, ये कोशिश की जाएगी।
- डिजिटल लेनदेन के लिए पहचान के तौर पर आधार कार्ड को भी स्वीकार किया जाएगा।
- लैब में बनाए जाने वाले डायमंड में नौकरियां पैदा होने की संभावना है. इसलिए आयात पर निर्भरता कम करने के लिए रिसर्च के काम को बढ़ाया जाएगा।
- न्याय मिलने में देरी न हो इसके लिए ई-कोर्ट के लिए सात हज़ार करोड़ का आवंटन किया जाएगा।
- ग्रीन क्रेडिट प्रोग्राम को पर्यावरण सुरक्षा क़ानून के तहत लाया जाएगा।
- पीएम प्रणाम नाम का नया कार्यक्रम शुरू किया जाएगा जिसके तहत कृत्रिम खाद की इस्तेमाल को कम कर नैचुरल खाद के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया जाएगा।
- पीएम आवास योजना में 66 फ़ीसदी बढ़ोतरी की जाएगी और 79 हज़ार करोड़ रुपयों का आवंटन किया जाएगा।
- राज्य सरकारों को जो 50 सालों के लिए इंटरेस्ट फ्री लोन दिया गया है उसे एक और साल के लिए बढ़ाया जाएगा।
- भारतीय रेलवे के लिए 2.40 लाख करोड़ का आवंटन करने की व्यवस्था की गई है, जो अब तक का सबसे बड़ा है. इससे पहले 2013-14 में जो आवंटन किया गया था ये उससे 9 गुना अधिक है।
- 50 और एयरपोर्ट, हेलिपैड और पोर्ट के पास पैड या तो बनाए जाएंगे या फिर उन्हें फिर से रीवाइव किया जाएगा।

**Analysis of MSME Budget Provision:**

1. Micro and small enterprises से की गई Purchase/E&pense का Deduction तभी मिलेगा यदि उसका पेमेंट Supplier से तय किये गये Credit Period (Ma&imum – 45 दिन) में कर दिया जाता है।
2. यदि कोई Credit Period तय नहीं की गई है तो ऐसे Case में पेमेंट की Terms 15 दिन ही मानी जाएगी। दोनों पार्टी यदि सहमत हो, तो भी इस प्रावधान के लिए 45 दिन से अधिक का समय Allowed नहीं होगा।
3. उदाहरण के तौर पर यदि आपकी v Crore की Purchase (Grey Fabric/ Yarn/ Sarees/ Packing Material/ Diamond) का पेमेंट 31 मार्च को 45 दिन से अधिक समय से बाक़ी हैं तो 1 Crore आपकी आय में जुड़ जाएँगे और उस पर लगभग 30-35 लाख तक की Ta& Liability आ सकती हैं।
4. Micro enterprise का अभिप्राय ऐसी फ़र्म से है जिसका Plant and Machinery में Investment 1 Crore से ज्यादा नहीं हो और टर्नओवर 5 Crore से ज्यादा नहीं हो।
5. Small enterprise का अभिप्राय ऐसी फ़र्म से है जिसका Plant and Machinery में Investment 10 Crore से ज्यादा नहीं हो और टर्नओवर 50 Crore से ज्यादा नहीं हो।
7. यदि पेमेंट 45 दिन से अधिक समय से बाक़ी है किंतु Financial Year समाप्त होने से पहले पेमेंट कर दिया जाता है, तो ऐसे case में उसका deduction उसी वर्ष में मिल जायेगा।
8. अगर 45 दिन के बाद पेमेंट किया गया है तो उस स्थिति में जिस वर्ष में पेमेंट किया गया हैं उस वर्ष में उसका deduction मिलेगा।
9. MSME यूनिट से की गई Purchase पर ये प्रावधान लागू होंगे चाहे ख़रीददार MSME में रजिस्टर्ड हो अथवा नहीं।
10. यह प्रावधान 01/04/2023 से शुरू होने वाले वित्तीय वर्ष से लागू होगा।

# राजस्थान में उद्योगों से संबंधित समस्याएं एवं सुझाव

*उद्योग दृष्टि*

*उद्योग टाइम्स डेस्क*

**औद्योगिक समस्याओं और उनके समाधान को लेकर ये ज्ञापन केंद्रीय वस्त्र मंत्री श्री पियूष गोयल को भीलवाड़ा में उद्यमी सम्मेलन में सौंपा गया।**

**राजस्थान पावरलूम सेक्टर विकसित करने के संबंध में-**

प्रदेश के सांगानेर (जयपुर), भीलवाड़ा, जोधपुर, पाली, बालोतरा, जसोल व किशनगढ मे टैक्सटाईल का बड़ा व्यवसाय है। जिसके लिए यहां पर कई प्रोसेसिग यूनिट लगी हुई हैं। इनके लिए कच्चा माल कपड़ा दक्षिणी भारत व महाराष्ट्र प्रदेश से आता है। राजस्थान में पावरलूम सेक्टर स्थापित करने से टेक्सटाइल व्यापार की प्रगति के साथ रोजगार के नये अवसर भी उपलब्ध होगें। साथ ही जीएसटी व अन्य प्रकार के करों से राजस्थान को राजस्व की प्राप्ति भी होगी। दक्षिण भारत महाराष्ट्र एवं अन्य राज्यो में टेक्सटाइल सेक्टर को 2.5 से 4 रूपये प्रति यूनिट बिजली दी जाती है जबकि राजस्थान में बिजली का मूल्य 8 रुपये प्रति यूनिट है।

पॉवरलूम विकसित करने के लिये प्रत्येक उद्योग लगाने वाला अपने उद्योग में कितने यूनिट बिजली चाहिए, उतना बिजली राजस्थान में कही पर भी अपने भूमि लेकर सोलर प्रोजेक्ट लगाता है एवं सोलर मे उत्पन्न जितनी बिजली ग्रिड में दी जाती है उतना यूनिट वापस उद्योग में देने का सिस्टम बनाने से बिजली दरों में कमी आयेगी। विभाग को 5-7 प्रतिशत ट्रांसमिशन चार्ज का नुकसान होगा, वो सरकार पांच साल तक वहन कर इस उद्योग को स्थापित करने से लाभ होगा एवं बैंक ऋण में ब्याज अनुदान, कैपिटल सब्सिडी आदि के प्रावधान से पावरलूम उद्योग विकसित होगा। सम्पूर्ण भारत में टेक्सटाइल सेक्टर में राज्य व केन्द्र सरकार विशेष सब्सिडी व बिजली में विशेष छूट देते हैं।

राजस्थान में टेक्सटाइल सेक्टर में रोजगार के नये अवसर पैदा होंगे। यह उद्योग ऑरेंज श्रेणी में आने के कारण पर्यावरण की भी कोई समस्या नहीं होगी एवं जो युवा उद्यमी प्रदूषण समस्या के कारण राजस्थान से बाहर जा रहे हैं वे भी यहाँ उद्योग लगा सकेंगे।

**प्रौद्योगिकी उन्नयन निधि योजना (TUFS) की अवधि बढ़ाने के संबंध में-**

औद्योगिक उत्पादन, रोजगार और निर्यात में विशेष योगदान के कारण भारत का कपड़ा उद्योग भारतीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। कपड़ा उद्योग अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता और समग्र दीर्घकालिक व्यवहार्यता को बनाये रखने के लिये यह उद्योग अपने प्रौद्योगिकी स्तर को उन्नत करने के लिये सदैव



प्रयासरत रहता है। इसी को ध्यान मे रखते हुए भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय द्वारा Technology Upgradation Fund Schcme यानी प्रौद्योगिकी उन्नयन निधि योजना लागू की गयी थी। अभी हाल ही में यह योजना 31 मार्च, 2022 को बंद कर दी गयी है। अब मंत्रालय द्वारा नई योजना चलाई जा रही है। वर्तमान मे इस योजना के बन्द होने से लघु एवं सूक्ष्म कपड़ा उद्योगों को कठिनाईयों का सामना कर पड रहा है। कोरोना के कारण अभी भी कपड़ा उद्योगों का कार्य पूरी तरह से पटरी पर नहीं आया है। अत: निवेदन है कि TUFS प्रौद्योगिकी उन्नयन निधि योजना को नयी योजना लागू करने तक जारी रखा जाए ताकि लघु एवं सूक्ष्म उद्योगों को इसका लाभ मिल सके।

**पीएलआई योजना के संबंध में-**

केंद्र सरकार द्वारा एमएसएमई सेक्टर हेतु पीएलआई (प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव) लागू करने की योजना है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य घरेलू इकाईयो में निर्मित उत्पादों की बिक्री में वृद्धि कर उद्योगों को प्रोत्साहित करना है। यह स्वदेशी मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देन और आयात बिलों में कटौती के लिये योजना बनायी गयी है, जो कि लाभप्रद है। इस योजना को लघु उद्यमियों के सुझाव अनुसार संशोधित कर तुरन्त लागू की जाये ताकि लघु उद्योगों के क्षेत्र में शीघ्र विकास हो सके।

**निर्यात के संबंध में-**

सूक्ष्म व लघु उद्योगों द्वारा टेक्सटाईल इण्डस्ट्रिज में निर्यात किया जाता है उसमें छोटे-छोटे उद्योगों द्वारा छोटे-छोटे पार्सल निर्यात पर बैंको द्वारा चार्ज अधिक लगाये जाते है। उनको मुक्त करावे, ताकि निर्यात को बढ़ावा मिल सके।

SAFTA (दक्षिण एशिया मुक्त व्यापार क्षेत्र) योजना- इस योजना के अन्तर्गत कुछ देशों में माल निर्यात होता है। इस अनुबंध के अन्तर्गत सूती वस्त्र आता है। सूती वस्त्र के साथ रेयॉन कॉटन (धागा) जो कि एक प्राकृतिक उत्पाद है और सूती वस्त्र की तरह होता है। अत: रेयॉन कपड़ों को भी SAFTA योजना की श्रेणी में

लिया जाये ताकि रेयॉन का निर्यात बढ़ सके।

राजस्थान में टेक्सटाईल उद्योगों में अधिकतर प्रोसेसिंग इकाईयां कार्यरत हैं जिसमें पानी का उपयोग बहुत अधिक होता है प्रदूषण की दृष्टि से ये इकाइयां रेड कैटेगरी में आती हैं। बोर्ड एवं न्यायालय द्वारा कई स्थानों पर स्क् (जीरो लिक्विड डिस्चॉर्ज) करने के आदेश दिये गये हैं।

सम्पूर्ण देश में टेक्सटाईल रेड कैटेगरी इकाईयों में कई स्थानों पर पानी उपचारित करके छोड़ना पड़ता है एवं कुछ स्थानों पर स्क् (जीरो लिक्विड डिस्चॉर्ज) पर करने के प्रावधान हैं। स्क् (जीरो लिक्विड डिस्चॉर्ज) वाली इकाईयों में स्क् प्रोसेंसिग का बहुत अधिक लागत होने के कारण टैक्सटाईल इकाईयों को इधर-उधर ट्रांसफर होती रहती है। ये टेक्सटाईल उद्योगों के लिये आज के समय की सबसे बड़ी व गंभीर समस्या बनी हुई है। टेक्सटाईल इकाईयों में पानी को चाहे स्क् (जीरो लिक्विड डिस्चॉर्ज) करना या उपचारित करके छोड़ना पड़े।

विनम्र निवेदन है कि टेक्सटाईल इकाईयों के लिये सम्पूर्ण देश में पानी को ट्रीटमेन्ट करने की एक समान विधि लागू की जाये ताकि उद्यमियों को लागत/ कार्यक्षमता, समय का ह्रास एवं आर्थिक भार का दुष्प्रभाव वहन नहीं करना पड़े।

बैंक का ऋण लेने पर कम्पनी के निदेशकों द्वारा पर्सनल बैंक गारन्टी देनी पड़ती है। आरबीआई के दिशा-निर्देशों के अनुसार किसी प्रकार की गारन्टी फीस नहीं ली जाती है परन्तु वर्तमान समय में जीएसटी विभागों द्वारा 2018-19 ऑडिटों के अन्तर्गत निदेशकों द्वारा दी गयी गारंटी को सेवा मानते हुए वर्ष 2018-19 की ऑडिटों में जीएसटी लगायी जा रही है। जिसके कारण से कम्पनियों का करोड़ों रूपये अनावश्यक रूप से लग रहा है। वर्ष 2018-19 होने के कारण जीएसटी का रिफण्ड भी नहीं मिलता है। निदेशक द्वारा दी गयी गारंटी जीएसटी के दायरे से बाहर रखी जाये। कृपया इस समस्या के निराकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करावे।

वर्तमान बजट में कम्पनी टू एमएसएमई एवं एमएसएमई से एमएसएमई 45 दिन में माल का भुगतान नहीं करने पर खर्चा आयकर विवरणी में मान्य नहीं होगा। वर्तमान बजट में यह प्रावधान लागू किया गया है। भारत में सूक्ष्म एवं लघु उद्योग छोटे-छोटे हैं और लघु उद्योगों की आर्थिक स्थिति इतनी मजबूत नहीं है कि वे 45 दिन में भुगतान कर पाये। अतः निवेदन है कि इस प्रावधान को मुक्त करावे या 45 दिन के स्थान पर 90 दिन कर दिया जाये ताकि लघु उद्यमियों पर आयकर का भार नहीं पड़े।

**क्रेडिट लिंक्ड केपिटल सब्सिडी स्कीम अंडर टेक्नोलॉजी अपग्रेडेशन के अनुदान को पुनः प्रारम्भ करने हेतु-**

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी क्रेडिट लिंक्ड केपिटल सब्सिडी स्कीम अन्तर्गत छोटे उद्योगों को प्रोत्साहन देने हेतु मंत्रालय द्वारा अधिकतम 15 लाख रूपये का अनुदान पूर्व में दिया जा रहा था लेकिन वर्ष 2019 मे इस योजना के अनुदान को रोक दिया गया। विगत 3 वर्षों से एमएमएसई सेक्टर बुरी तरह से प्रभावित हुए है अत निवेदन है कि इस योजना को पुनः प्रारम्भ किया जाये।

**CETP की इकाई 07 हेतु केन्द्र सरकार से अनुदान के संबंध में-**

पाली में रीको औद्योगिक क्षेत्र में स्थित इकाईयां अपने प्रदूषित पानी को टैंकरों से यूनिट-06 में शोधन के लिए भेज रही हैं। टैंक के परिवहन के लिए एनजीटी द्वारा अनुमति नहीं दी गई थी। जिसके बाद यूनिट संख्या 07 का निर्माण करने का निर्णय लिया गया। इसके प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, राजस्थान सरकार, औद्योगिक विभाग, राजस्थान सरकार के अनुमोदन के बाद, केंद्र सरकार के कपड़ा मंत्रालय में वित्तीय अनुदान के लिए प्रस्तुत किया गया है। आपसे अनुरोध है कि इसके वित्तीय अनुदान को मंजूरी देवे।

पूर्व में भी आपने पाली इकाईयों को अभूतपूर्व सहयोग प्रदान किया है प्लांट नंबर 6 वस्त्र मंत्रालय की अनुदान से आईपीडीएस में स्वीकृत होकर संचालित हो रहा है और आपके सहयोग से हम पाली को प्रदूषण मुक्त करने की दिशा में अग्रसर हुए है। पाली इकाई जल सीईटीपी प्लांट 07 पाली के सबसे पुराने औद्योगिक क्षेत्र को नया जीवन देगा और इसके साथ ही भूमिगत जल और पानी के दोहन से परिवहन नदियों में जल निकासी जैसी समस्या उद्योग जगत को आपूर्ति के साथ-साथ जन सावन की दिशा में उत्कृष्ट कार्य किया जाएगा।

पूर्व में प्रारंभ हुए प्लांट से पाली में स्थित उद्योग इकाइयों की क्षमता भी पूरी नहीं होती है अतः स्क् प्लांट की आवश्यकता है। वस्त्र मंत्रालय की आईपीडीएस स्कीम में कुछ प्रोजेक्ट पूरे नहीं हुए हैं उनका फंड यदि हमें स्वीकृत कर दिया जाता है तो हम इस प्लांट को शीघ्र ही पूरा कर लेंगे एवं आपके सहयोग से पाली वस्त्र उद्योग पूर्णतया प्रदूषण मुक्त हो जाएगा। ☐☐☐

## Recognised Startups, MSMEs to get Free Access to India's Indigenous 5G Test Bed up to January 2024

The Test Bed is available at five locations, including IIT Delhi, IIT Hyderabad, IIT Kanpur, IIT Madras, and IISc Bangalore. It provides complete access for research teams to work on novel concepts/ideas that have potential for standardisation in India and on a global scale. Additionally, it offers facilities for 5G networks to experiment and demonstrate the importance of applications and use cases for Indian society, like rural broadband, smart city applications, and intelligent transport systems. The move will give a fillip to the development of indigenous technologies/ products in line with 'Aatmanirbhar Bharat' vision. ☐☐☐

# भीलवाड़ा में उद्यमी सम्मेलन में हुआ उद्योग हितों पर चिंतन



**लघु** उद्योग भारती, राजस्थान की भीलवाड़ा इकाई की ओर से आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय वस्त्र एवं वाणिज्य मंत्री श्री पीयूष गोयल ने कहा कि सरकार उद्योगपतियों से सीधा संवाद कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना चाहती है लेकिन विभिन्न योजनाओं का लाभ राज्य सरकार की उदासीनता के कारण उस योग्य तक नहीं पहुंच पा रहा है साथ ही कौशल विकास में भी सरकार की योजनाओं का सदुपयोग नहीं हो पा रहा है. उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा यूपी ईज डूइंग फार्मूले पर लागू हो रही है अगर कोई उद्यमी भली प्रकार योजनाओं जानकारी लें, तो निश्चित रूप से लाभ मिलेगा।

इस अवसर पर भीलवाड़ा सांसद श्री सुभाष बहेड़िया, चित्तौड़ सांसद श्री सीपी जोशी, डूंगरपुर बांसवाड़ा सांसद श्री कनकमल कटारा, विधायक श्री विट्ठलशंकर अवस्थी, श्री रोहित कंसल, अतिरिक्त सचिव टेक्सटाइल श्री राजीव सिंह ठाकुर, अतिरिक्त सचिव उद्योग उद्योगपति श्री रामपाल सोनी, बैंक जीएम श्री हेमंत करोलिया तथा अन्य अधिकारी श्री दिनेश प्रताप सिंह, श्री मदनगोपाल व्यास, एलयूबी राष्ट्रीय संगठन महामंत्री श्री प्रकाशचंद्र, राष्ट्रीय महासचिव श्री घनश्याम ओझा, प्रदेश अध्यक्ष श्री शांतिलाल बालड़, प्रदेश महामंत्री श्री मुकेश अग्रवाल, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश मित्तल, प्रांतीय अध्यक्ष श्री योगेंद्र शर्मा, प्रांतीय महामंत्री श्री पवन गोयल, प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य श्री अजय मूंदड़ा, भीलवाड़ा इकाई अध्यक्ष श्री महेश हुरकट, सचिव श्री अनूप बागरोदिया कोषाध्यक्ष श्री कमलेश मुणोत, ग्रोथ सेंटर इकाई के अध्यक्ष श्री रामप्रकाश काबरा, सचिव श्री गिरीश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष श्री दिनेश लड्ढा, महिला इकाई अध्यक्ष श्रीमती विमला मुनोत, सचिव श्रीमती चंदा मूंदड़ा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्री रामकिशोर काबरा, प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य श्री अजय मूंदड़ा सहित भीलवाड़ा की तीनों इकाइयों के सदस्य एवं उद्योगपति उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्री सुमित जागेटिया एवं कोषाध्यक्ष श्रीमती पल्लवी लड्ढा ने किया। इस कार्यक्रम में 600 से अधिक उद्यमियों ने भाग लिया। विभिन्न औद्योगिक समस्याओं एवं सुझावों से संबंधित एक ज्ञापन कोटा इकाई द्वारा श्री पीयूष गोयल को दिया गया। □□□



# LUB's News in Brief

## नवीन इकाई झालरापाटन का गठन

एलयूबी राजस्थान की झालरापाटन इकाई का गठन राष्ट्रीय संगठन महामंत्री श्री प्रकाशचंद, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री ताराचंद गोयल, वरिष्ठ कर सलाहकार श्री गोविंदराम मित्तल, प्रदेश महामंत्री श्री मुकेश अग्रवाल, जिला संघचालक डॉ. डीके जैन, चित्तौड़ प्रांत अध्यक्ष श्री योगेंद्र शर्मा, प्रांत महामंत्री श्री पवन गोयल की उपस्थिति में हुआ। नवगठित इकाई में श्री नरेंद्र डांगी को संरक्षक, श्री निखिल गोयल अध्यक्ष एवं श्री विपिन धूपिया को सचिव पद पर नियुक्त किया गया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय संगठन महामंत्री श्री प्रकाश चंद ने कहा कि छोटे-छोटे कदम बढ़ाने से भी बहुत कुछ हासिल किया जा सकता है। नए उद्योगों की स्थापना की जानी चाहिए। उद्योगों के विकास से देश का भी विकास होता है। लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री ताराचंद गोयल ने प्रधानमंत्री के 15 अगस्त को बताए पांच मूल मंत्र को दोहराया।

झालरापाटन इकाई के संरक्षक श्री नरेंद्र डांगी ने झालावाड़ जिले के विकास के लिए रेलवे यार्ड बनाने, कोलाना हवाई अड्डे पर हवाई जहाज के रिपेयर एवं मेंटेनेंस का कार्य, फूड पार्क बनाने एवं पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु पर्यटन के कार्यों को गति प्रदान करने की जरूरत बताई।

इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्री अनिल जैन, पूर्व विधायक श्री निर्मल सकलेचा, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री संजय ताऊ, नगरपालिका चेयरमैन श्रीमती वर्षा चांदवाड, व्यापार संघ अध्यक्ष श्री यशोवर्धन बाकलीवाल, श्री संजय अग्रवाल, श्री सुधीर खंडेलवाल, श्री मुकेश चेलावत, श्री मुकेश मेहता आदि उद्यमी उपस्थित थे। मंच संचालन श्री कुलदीप अरोड़ा एवं धन्यवाद ज्ञापन श्री विपिन धूपिया ने किया।

□□□

## भवानीमंडी को एक्सप्रेस हाइवे 8 लेन से लिंक मिला

भवानीमंडी व्यापार महासंघ एवं लघु उद्योग भारती के एक संयुक्त प्रतिनिधि मंडल ने बीते सितंबर महीने में केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी से एलयूबी राष्ट्रीय संगठन महामंत्री श्री प्रकाश चंद्र के नेतृत्व में जयपुर में विशेष भेंट कर भवानीमंडी को 8 लेन से लिंक करने की मांग की थी। जिसके परिणामस्वरूप माननीय मंत्री ने क्षेत्रीय सांसद श्री दुष्यंत सिंह की उपस्थिति में ये घोषणा की है कि एक्सप्रेस हाईवे रतनपुरा (नीमथुर) से लेदी चौराहा



होते हुए 21km का रोड भवानी मंडी से जोड़कर बनाया जाएगा। व्यापार संघ अध्यक्ष श्री प्रीतपाल सिंह ने बताया कि लघु उद्योग भारती के शीर्ष नेतृत्व की सक्रियता से ये संभव हुआ है और इससे क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है क्योंकि भवानीमंडी क्षेत्र का अब चहुमुंखी विकास हो सकेगा एवं दिल्ली- मुंबई मार्ग पर पहुंच आसान हो जाएगी।

□□□

## रामगंज इकाई ने फ्यूल चार्जेज का किया विरोध

राजस्थान सरकार फ्यूल चार्ज के नाम पर हर फेक्ट्री से 4.20/ प्रति यूनिट वसूल कर रही हे जो हर महीने .07/पैसे यूनिट से 60 महीने तक वसूलेंगे। कोटा में इस विषय को लेकर चर्चा हुई जिसमें वरिष्ठ पदाधिकारी श्री गोविंदराम मित्तल ने सरकार के शीर्ष अधिकारीयों से बात की। जिन तीन महीनों का यह फ्यूल चार्ज हे उस तीन महीनों की बिजली 12.20/ प्रति यूनिट की दर से लागत आएगी। व्यापारी या फेक्ट्री मालिक जिस माल को पड़ता लगाकर बेच चुके हे उस पर दो साल बाद इस तरह का पैसा वसूलना कदापि उचित नहीं।

□□□

## एलयूबी पालरा इकाई और एमएसएमई ने स्टार्टअप पर किया सेमिनार

भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय एवं लघु उद्योग भारती, पालरा इकाई के संयुक्त तत्वावधान में कृषि आधारित खाद्य प्रसंस्करण उद्योग एवं स्टार्टअप के विषय में एक सेमिनार का आयोजन 11 फरवरी को किया गया। आयोजन में विभाग में निर्देशक श्री वीके शर्मा एवं नगर निगम अजमेर के आयुक्त श्री सुशील कुमार यादव मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम में नाबार्ड एवं ज़ेड प्रमाणन के अधिकारियों ने विभागीय योजनाओं के विषय में जानकारी दी। कार्यक्रम में अजमेर नगर के दस प्रतिष्ठित उद्यमियों को MSME मंत्रालय द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नव-उद्यमियों को सहायता देने हेतु एक नयी वेबसाइट का अनावरण किया गया जिसमें सौ से भी अधिक प्रोजेक्ट रिपोर्ट एवं सहायता सामग्री नि:शुल्क उपलब्ध है।

□□□

## किशनगढ़ में ईएसआई हॉस्पिटल की घोषणा

एलयूबी किशनगढ़ इकाई ने सांसद श्री भागीरथ चौधरी के प्रयासों से किशनगढ़ औद्योगिक क्षेत्र के लिए एक 100 बेड वाले ईएसआई हॉस्पिटल की घोषणा के लिए केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री श्री भूपेंद्र यादव एवं केंद्रीय संस्कृति मंत्री श्री अर्जुनराम मेघवाल का आभार व्यक्त किया है।

□□□

# मध्यप्रदेश फेसिलिटेशन काउंसिल को उत्कृष्ट कार्य की श्रेणी में सम्मानित किया गया

मध्यप्रदेश फेसिलिटेशन काउंसिल को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिल्ली में आयोजित विशेष कार्यक्रम में अवॉर्ड प्रदान किया गया. गौरतलब है कि लघु उद्योग भारती से अशासकीय सदस्य के रूप में श्री महेश गुप्ता एवं श्री राजेश मिश्रा ने चेयरमैन श्री पी नरहरि (प्रमुख्य सचिव सूक्ष्म, लघु एवं मध्यमउद्यम मंत्रालय) के साथ केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से ये सम्मान ग्रहण किया।

□ □ □

# आरबीआई की एमएसएमई की 65वीं मीटिंग में एलयूबी प्रतिनिधि ने की सहभागिता

भोपाल में आरबीआई की एमएसएमई के लिए 65वी मीटिंग संपन्न हुई जिसमें लघु उद्योग भारती की ओर से प्रदेश सचिव श्री राजेंद्र दुबे पीथमपुर ने लोन प्रक्रिया को सरल करने एवं CGTMSE लोन को पूर्णतः कॉलेटरल फ्री करने की बात कही। उन्होंने बैंक द्वारा लगाए जाने वाले चार्ज जैसे लोन प्रोसेसिंग फीस एवं अवधि पूर्व लोन चुकाने पर चार्ज लेने जैसे विभिन्न मुद्दों पर बात की। भविष्य में बैंकों की स्थानीय समिति का गठन करने का निर्णय लिया जा सकता है जिससे बैंकों से संबंधित समस्याओं को स्थानीय स्तर पर हल किया जा सकेगा।

□ □ □

# कटनी महिला इकाई ने गो-उत्पाद निःशुल्क प्रशिक्षण किया आयोजित

महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए एलयूबी कटनी महिला इकाई द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें 78 प्रतिभागियों ने वर्मी कंपोस्ट, प्राकृतिक खेती, स्वदेशी मंजन, कीट नियंत्रक का प्रशिक्षण प्राप्त किया। स्वाबलंबी भारत अभियान के अंतर्गत ये प्रशिक्षण कार्यक्रम श्री वेंकटेश गौशाला मैं रखा गया। प्रशिक्षक के रूप में कृषि वैज्ञानिक श्री केपी द्विवेदी, बर्मी कंपोस्ट निर्माता श्री गेंदालाल कुशवाहा एवं लघु उद्योग भारती महिला इकाई अध्यक्ष श्रीमती प्रिया सोनी ने अपनी सेवाएं दी।




कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिक डॉ. आरपी बेन, कृषि वैज्ञानिक डॉ. संदीप चंद्रवंशी, सरस्वती स्कूल व्यवस्थापक श्री सीपी बरसैया, प्राचार्य श्री अशोक शुक्ला, भरवारा सरपंच श्री संतोष निषाद, एलयूबी संभाग सचिव श्री अनिल वासवानी, जिला अध्यक्ष श्री हरिसिंह भदोरिया, जिला सचिव श्री अमित सिंघई एवं श्री मथुरा प्रसाद की सक्रिय उपस्थिति रही।

□ □ □

